-:प्रेस नोट:-

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 05.06.2026

- **साइबर ठग द्वारा आवेदक को आधार कार्ड अपटेड करने का झांसा देकर ओटीपी भेजकर खाते से ₹ 36298/- ट्रांसफर कर साइबर ठगी की गयी थी ।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 15,128/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री शिवकुमार पुत्र रामशंकर निवासी वार्ड नं0 03 थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के पास साइबर ठग द्वारा आधार कार्ड अपटेड करने के लिए बोलकर ओटीपी भेजना व आवेदक के खाते से ₹ 36298/- रूपये ट्रांसफर कर साइबर धोखाधड़ी की गयी थी । जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा दिनांक 21.03.2024 को साइबर हेल्प डेस्क शिवली जनपद कानपुर देहात पर शिकायत दर्ज करायी थी । जिस पर थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की कटी हुयी धनराशि से ₹15,128/- को दिनांक 05.06.2026 को आवेदक के खाते मे वापस करायी गयी है तथा शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने पुलिस का धन्यवाद दिया।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹15,128/-

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यस से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।

धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री सोमवीर सिंह
3. मका0 1261 प्रीति सोनकर